इतिहास (मध्यकालीन भारत)
Top 50 MCQs by Manjeet's Math Magic

Subscribe channel on Youtube: ManjeetsMathMagic

1. भारत में प्रथम मुस्लिम आक्रमणकारी कौन था?
a) कुतुबुद्दीन ऐबक
b) महमूद गजनी
c) मुहम्मद बिन कासिम
d) मुहम्मद गोरी

2. निम्न में से कौन चंदेल शासक महमूद गजनवी से पराजित नहीं हुआ था?
a) धंग
b) विद्याधर
c) जय शक्ति
d) डंग

3. महमूद गजनवी का दरबारी इतिहासकार कौन था?
a) हसन निजामी
b) उतबी
c) फिरदौसी
d) चंदबरदाई

4. पुराणों के अध्ययन करने वाला प्रथम मुसलमान कौन था?
a) अबुल फजल
b) अब्दुल कादिर बदायूंनी
c) अलबरूनी
d) दारा शिकोह

5. महमूद गजनी के साथ भारत आने वाला प्रसिद्ध इतिहासकार कौन था?
a) फरिश्ता
b) अलबरूनी
c) अफीक
d) इब्नबतूता

6. किसने एक तरफ संस्कृत मुद्रालेख के साथ चांदी के सिक्के निर्गत किए?
a) मुहम्मद बिन कासिम
b) महमूद ग़ज़नवी
c) शेरशाह
d) अकबर

7. वह युद्ध जिसमें भारत में मुस्लिम शक्ति की स्थापना हुई-
a) तराइन का प्रथम युद्ध
b) तराइन का द्वितीय युद्ध
c) पानीपत का प्रथम युद्ध
d) पानीपत का द्वितीय युद्ध

8. दिल्ली का प्रथम सुल्तान कौन था जिसने नियमित सिक्के जारी किए तथा दिल्ली को अपने साम्राज्य की राजधानी घोषित किया?
a) नसीरुद्दीन महमूद

b) इल्तुतमिश
c) आरामशाह
d) बलबन

9. निम्नलिखित में से कौन सा कथन बलबन के संबंध में सही नहीं है?
a) उसने नियामत-ए-खुदाई के सिद्धांत का प्रतिपादन किया
b) उसने इक्तादारी व्यवस्था का प्रारंभ किया
c) उसने तुर्कान-ए-चहलगानी का प्रभाव समाप्त किया
d) उसने बंगाल के विद्रोह का दमन किया

10. कौन सा सुल्तान नया धर्म चलाना चाहता था किंतु उलेमा लोगों ने विरोध किया?
a) बलबन
b) अलाउद्दीन खिलजी
c) मोहम्मद तुगलक
d) इल्तुतमिश

11. रानी पद्मिनी का नाम अलाउद्दीन की चित्तौड़ विजय से जोड़ा जाता है। उनके पति का नाम क्या था?
a) महाराणा प्रताप सिंह
b) रणजीत सिंह
c) राजा मान सिंह
d) राणा रतन सिंह

12. अलाउद्दीन खिलजी के आक्रमण के समय देवगिरि का शासक कौन था?
a) रामचंद्र देव
b) प्रताप रूद्रदेव
c) मलिक काफूर
d) राणा रतन सिंह

13. किस सुल्तान के बारे में कहा जाता है कि उसने भूमि कर को उत्पादन के 50% तक कर दिया था?
a) बलबन
b) अलाउद्दीन खिलजी
c) मुहम्मद बिन तुगलक
d) फिरोज़ शाह तुगलक

14. निम्नलिखित में से किस मध्यकालीन शासक ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली प्रारंभ की थी?
a) अलाउद्दीन खिलजी ने
b) बलबन ने
c) फिरोजशाह तुगलक ने
d) मोहम्मद बिन तुगलक ने

15. 1306 ई. के बाद अलाउद्दीन खिलजी के समय में दिल्ली के सुल्तान और मंगोलों के बीच सीमा क्या थी?
a) व्यास
b) रावी
c) सिंधु
d) सतलज

16. किस वंश के सुल्तानों ने सबसे अधिक समय तक देश में राज्य किया?
a) खिलजी वंश
b) लोदी वंश
c) दास वंश
d) तुगलक वंश

17. दिल्ली सल्तनत का सर्वाधिक विद्वान शासक जो खगोलशास्त्र, गणित एवं आयुर्विज्ञान सहित अनेक विधाओं में माहिर था-
a) इल्तुतमिश
b) अलाउद्दीन खिलजी
c) मोहम्मद बिन तुगलक
d) सिकंदर लोदी

18. दिल्ली से दौलताबाद राजधानी के स्थानांतरण का आदेश किसने दिया था?
a) सुल्तान फिरोजशाह तुगलक तुगलक ने
b) सुल्तान गयासुद्दीन तुगलक ने
c) सुल्तान मुबारक ने
d) सुल्तान मोहम्मद बिन तुगलक ने

19. इतिहासकार बदायूं ने ने किसकी मृत्यु पर कहा था कि- "सुल्तान को अपनी प्रजा से और प्रजा को सुल्तान से मुक्ति मिल गई"?
a) अलाउद्दीन खिलजी
b) बलबन
c) इल्तुतमिश
d) मोहम्मद बिन तुगलक

20. निम्नलिखित में से कौन सा एक युग्म सुमेलित नहीं है?
a) दीवान-ए-मुस्तखराज - अलाउद्दीन खिलजी
b) दीवान-ए-अमीर कोही - मोहम्मद बिन तुगलक
c) दीवान-ए-खैरात - फिरोजशाह तुगलक
d) दीवान-ए-रियासत - बलबन

21. निम्न में से किस राजवंश के अंतर्गत विजारत का चरमोत्कर्ष हुआ?
a) इलवरी
b) खिलजी
c) तुगलक
d) लोदी

22. सल्तनत काल के सिक्के- टंका, शशगनी एवं जीतल किन धातुओं के थे?
a) चांदी, तांबा
b) सोना, चांदी, तांबा
c) चांदी, जस्ता, तांबा
d) सोना, जस्ता, तांबा

23. घोड़े के नाल के आकार की मेहराब सर्वप्रथम प्रयोग में लाई गई थी-
a) इल्तुतमिश के मकबरे में
b) गयासुद्दीन तुगलक के मकबरे में
c) अलाई दरवाजा में
d) कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद में

24. निम्नलिखित में से किसने कुतुबमीनार के निर्माण में योगदान नहीं दिया?
a) कुतुबुद्दीन ऐबक
b) इल्तुतमिश
c) अलाउद्दीन खिलजी
d) फिरोजशाह तुगलक

25. भारत में प्रथम मकबरा जो शुद्ध इस्लामी शैली में निर्मित हुआ था-
a) हुमायूं का मकबरा
b) बलबन का मकबरा
c) ऐबक का मकाबरा
d) अलाउद्दीन का मकबरा

26. चित्तौड़ का कीर्तिस्तंभ किसके शासन काल में निर्मित हुआ था?
a) राणा कुंभा
b) राणा हम्मीर
c) राणा रतन सिंह
d) राणा संग्राम सिंह

27. निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है?
a) अजमेर - कुवत उल इस्लाम
b) जौनपुर - अटाला मस्जिद
c) मालवा - जहाज महल
d) गुलबर्गा - जामा मस्जिद

28. नई फारसी काव्य शैली सबक-ए-हिंदी अथवा हिंदुस्तानी शैली के जन्मदाता कौन थे?
a) जियाउद्दीन बरनी
b) अफीक
c) इसामी
d) अमीर खुसरो

29. निम्न में से किसे हिंदी खड़ी बोली का जनक माना जाता है?
a) अमीर खुसरो
b) मलिक मोहम्मद जायसी
c) कबीर
d) रहीम

30. दिल्ली का वह सुल्तान कौन था जिसने अपने संस्मरण लिखे?
a) इल्तुतमिश
b) बलबन
c) अलाउद्दीन खिलजी
d) फिरोजशाह तुगलक

31. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?
a) इब्नबतूता - मोरक्को
b) मार्कोपोलो - इटली
c) अब्दुर रज्जाक - तुर्की
d) नूनिज - पुर्तगाल

32. जौनपुर नगर निम्नांकित में से किसकी स्मृति में स्थापित किया गया?
a) गयासुद्दीन तुगलक
b) मुहम्मद बिन तुगलक
c) फिरोजशाह तुगलक
d) अकबर

33. कश्मीर का वह शासक कौन था जो कश्मीर के अकबर के नाम से जाना जाता है?
a) शमशुद्दीन शाह
b) सिकंदर बुतशिकरन
c) हैदर शाह
d) जैनुल आबेदीन

34. निम्न में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?
a) बाज बहादुर - मालवा
b) कुतुबशाह - गोलकुंडा
c) सुल्तान मुजफ्फर शाह - गुजरात
d) युसूफ आदिलशाह - अहमदनगर

35. भक्ति आंदोलन किसके द्वारा प्रारंभ किया गया था?
a) अलवार संतो द्वारा
b) सूफी संतों द्वारा
c) सूरदास द्वारा
d) तुलसीदास द्वारा

36. सभी भक्ति संतों के मध्य एक समान विशेषता थी कि उन्होंने-
a) अपनी वाणी को उसी भाषा में लिखा जिसे उनके भक्त समझते थे
b) पुरोहित वर्ग की सत्ता की सत्ता सत्ता को नकारा
c) स्त्रियों को मंदिर जाने को प्रोत्साहित किया
d) मूर्ति पूजा को प्रोत्साहित किया

37. असम एवं कूचबिहार में वैष्णव धर्म का प्रवर्तन किसने किया?
a) चैतन्य
b) मध्व
c) शंकरदेव
d) वल्लभाचार्य

38. जिस के शासन में गुरु नानक देव ने सिख धर्म की स्थापना की, वह कौन था?
a) फिरोजशाह तुगलक
b) सिकंदर लोदी
c) हुमायूं
d) अकबर

39. प्रसिद्ध भक्त कवयित्री मीरा के पति का नाम क्या था?
a) राणा रतन सिंह
b) राजकुमार भोजराज
c) राणा उदय सिंह
d) राणा सांगा

40. अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर भेंट भेजने वाला प्रथम मराठा सरदार कौन था?
a) नवाब अली बहादुर, पेशवा बाजीराव प्रथम का पौत्र
b) राजा साहू, शिवाजी के पौत्र
c) पेशवा बालाजी विश्वनाथ
d) पेशवा बालाजी बाजीराव

41. शेख फरीद का सर्वाधिक ख्यातिलब्ध शिष्य जिसने दिल्ली के सात सुल्तानों का शासन देखा था; कौन था?
a) निजामुद्दीन औलिया
b) शेख नसीरुद्दीन चिराग
c) शेख सलीम चिश्ती
d) इनमें से कोई नहीं

42. ईस्टर त्योहार के पीछे ईसाइयों की भावना है-
a) इस दिन ईसा ने उपदेश दिया
b) ईसा ने संसार से विदा ली
c) ईसा नाजरथ में गए
d) इस दिन ईसा पुनर्जीवित हुए

43. ईसाईयों का गुड फ्राइडे क्यों मनाया जाता है?
a) ईसा मसीह की मृत्यु हुई थी
b) ईसा मसीह का जन्म हुआ था
c) ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया था
d) ईस्वी सन् का आरंभ हुआ था

44. दिल्ली के किस सुल्तान ने ब्राह्मणों पर जजिया लगाया था?
a) बलबन ने
b) फिरोजशाह तुगलक ने
c) अलाउद्दीन खिलजी ने
d) मोहम्मद बिन तुगलक ने

45. टोपरा तथा मेरठ से दो अशोक स्तंभ लेख दिल्ली कौन लाया था?
a) अलाउद्दीन खिलजी
b) फिरोजशाह तुगलक
c) मोहम्मद गौरी
d) सिकंदर लोदी

46. राज्य के खर्च पर हज की व्यवस्था करने वाला पहला भारतीय शासक कौन था?
a) अलाउद्दीन खिलजी
b) फिरोजशाह तुगलक
c) अकबर
d) औरंगजेब

47. किस मध्ययुगीन सुल्तान को आगरा शहर की नींव डालने एवं उसे सल्तनत की राजधानी बनाने का श्रेय जाता है?
a) इल्तुतमिश
b) मोहम्मद बिन तुगलक
c) फिरोजशाह तुगलक
d) सिकंदर लोदी

48. निम्न में से किसने 'गुलरूखी' उपनाम से अपनी कविताओं की रचना की?
a) फिरोजशाह तुगलक
b) बहलोल लोदी
c) सिकंदर लोदी
d) इब्राहिम लोदी

49. प्रसिद्ध विजयनगर शासक कृष्णदेव राय के अधीन किस साहित्य का स्वर्ण युग था?
a) कोंकणी
b) मलयालम
c) तमिल
d) तेलुगू

50. विजयनगर के किस शासक ने चीन के सम्राट के पास अपना राजदूत भेजा था?
a) हरिहर प्रथम
b) बुक्का प्रथम
c) कृष्णदेव राय
d) सालुव नरसिंह

Answers:

1. C
2. B
3. B
4. C
5. B
6. B
7. B
8. B
9. B
10. B
11. D
12. A
13. B
14. A
15. C
16. D
17. C
18. D
19. D
20. D
21. C
22. A
23. C
24. C
25. B
26. A
27. A
28. D
29. A
30. D
31. C
32. B
33. D
34. D
35. A
36. A
37. C
38. B
39. B
40. B
41. A
42. D
43. C
44. B
45. B
46. B
47. D
48. C
49. D
50. B